प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रदेश में 26 मई को होने वाले पहले चरण के पंचायत चुनावों के लिए आज थम जाएगा चुनाव प्रचार।
- केंद्र सरकार ने विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, 2025 के तहत व्यापक जन परामर्श के लिए मसौदा नियम प्रकाशित किए।
- आईजीएमसी शिमला में पहली बार हुई बड़ी आंत के कैंसर की सफल रोबोटिक सर्जरी।
- पंचायत चुनावों के मद्देनजर किन्नौर जिला की पंचायतों में मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व, मतदान दिवस तथा मतगणना दिवस को "ड्राई डे" घोषित।

.............................................................

पंचायत चुनाव

प्रदेश में 26 मई को होने वाले पहले चरण के पंचायत चुनावों के लिए चुनाव प्रचार आज शाम तीन बजे थम जाएगा। इसके बाद उम्मीदवार सावर्जनिजक संभाएं रैलियां और लाउडस्पीकर के जरिए प्रचार नहीं कर सकेंगे। प्रत्याशी घर–घर जाकर व्यक्तिगत संपर्क अभियान चला सकेंगे। दूसरे चरण के लिए 28 व तीसरे चरण के लिए 30 मई को मतदान होगा। इस बीच राज्य चुनाव आयोग ने पंचायतीराज चुनावों के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इन तीनों चरणों में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के विभिन्न पदों के लिए मतदान होगा। चुनाव आयोग ने पूरे प्रदेश में कुल 21 हजार 6 सौ 78 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं। वहीं चुनाव ड्यूटी में करीब 35 हजार कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

.............................................................

जी–राम जी प्रारूप

सरकार ने विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, 2025 के तहत व्यापक जन परामर्श के लिए मसौदा नियम प्रकाशित किए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, हितधारक, संगठन या संस्था 21 जून तक मसौदा नियमों पर आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

.............................................................

आईजीएमसी–रोबोटिक सर्जरी

आईजीएमसी शिमला में पहली बार बड़ी आंत यानी कोलन कैंसर की सफल रोबोटिक सर्जरी की गई है। निजी अस्पतालों में इस सर्जरी पर पांच लाख रुपये तक खर्च आता है जबकि आईजीएमसी में सिर्फ 30 हजार रुपये में ये ऑपरेशन हुआ। ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ है। आईजीएमसी के सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. पुनीत महाजन और कैंसर सर्जन डॉ. यशपाल ने बताया कि बड़ी आंत के कैंसर से पीड़ित मरीज की रोबोटिक तकनीक से सफल सर्जरी की गई। चिकित्सकों ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी में कम दर्द, कम रक्तस्राव होता है और बड़े चीरे लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। आईजीएमसी में अब तक 38 रोबोटिक सर्जरी हो चुकी हैं, जिनमें कैंसर के तीन मरीज शामिल हैं। डॉक्टरों का कहना है कि आईजीएमसी में कम खर्च पर रोबोटिक सर्जरी की सुविधा प्रदेश के गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए वरदान है।

बाइट...डॉ. पुनीत महाजन... सर्जरी विभाग प्रमुख, आईजीएमसी 57''

*बड़ी आंत का कैंसर था ये मरीज करीब डेढ़ 2 महीने पहले आया था। हमारे लिए बड़ी गर्व की बात है कि हमने बाहर से कोई डॉ भी नहीं बुलाया ज्यादातर बडी सर्जरी के लिए हम बाहर से डॉ. बुलाते थे। वट एज ं 3 सर्जरी के लिए विदआउट हैल्प एंनेस्थीजिया टीम डॉ सुभाष, हमने सर्जरी के लिए तैयारी की हमारे पास डॉ यशपाल है जो हमारे कैंसर सर्जन हैं क्योकि और हमारे सीनियर रैजीडेंट सर्जन नीतिश और डॉ महिमा, डॉ रूबी हमारी टीम में तैयारी कि और हमने 20 तारीख को हमारी सर्जरी और रोबोटिक सर्जरी के लिए ऑपरेशन कर दिया। इसमें जो प्रोसिजर था एल.ए.आर. बोलते हैं। बड़ी आंत को काट कर आपकों शायद याद होगा कई बार पूरी बड़ी आंत को काट कर आपको शायद होगा कई बार पूरी आंत को लेटरीन के रास्ते कैंसर को पूरा निकालते हैं। पेट के रास्मे निचले रास्ते फाईनली इसका रास्ता बनाना पड़ता है। रोबोटिक सज्ररी का ये फायदा रहा कि ये हिस्सा हम रोीटिक सर्जरी द्वारा बड़ी आसंत का काफी सारा हिस्सा निकाल कर उसका नार्मल रास्ता लेटरीन का रास्ता उसको जोड़ पाए।*

.............................................................

कुल्लू–पंचायत चुनाव

कुल्लू जिला में पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने बताया

कि जिले के कुल 3 लाख 17 हजार 476 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए कुल 7 हजार 228 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। 26 मई को होने वाले इस चरण के लिए जिले में कुल 511 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। पहले चरण में सुचारू मतदान सुनिश्चित करने के लिए 2 हजार 601 सरकारी कर्मचारी तैनात रहेंगे। इस चरण के दौरान कुल एक लाख 14 हजार 72 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उपायुक्त ने सभी मतदाताओं तथा प्रत्याशियों से शांतिपूर्ण मतदान के लिए सहयोग की अपील की हैं।

..............................................................

मिड–डे–मील वर्कस–विरोध

लाहौल–स्पीति में पंचायती राज चुनावों के बीच मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स ने चुनावी डियूटी के दौरान पोलिंग पार्टियों के लिए खाना बनाने के आदेशों का विरोध किया है। वर्कर्स का आरोप है कि जनजातीय क्षेत्र के दूरदराज इलाकों में रात 10 से 11 बजे तक डियूटी करना उनके लिए मुश्किल और असुरक्षित हो सकता है। यूनियन ने जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से आदेश तुरंत वापस लेने की मांग की है।

विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे लाहौल–स्पीति जिला संवाददाता

*यूनियन का कहना है कि 26, 28 और 30 मई को होने वाले चुनावों में कई महिला वर्कर्स को देर रात तक भोजन तैयार करना पड़ेगा, जिससे उनकी सुरक्षा और घर वापसी को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। यूनियन ने जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से आदेश तुरंत वापस लेने की मांग की है। साथ ही उनका कहना है कि सरकारी नियमों के अनुसार उनसे विभागीय कार्यों के अलावा अन्य कार्य नहीं करवाए जाने चाहिए। फिलहाल इस मामले पर प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।*

..............................................................

किन्नौर–पंचायत चुनाव

पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से जिला किन्नौर एवं स्पीति क्षेत्र में मतदान और मतगणना के दौरान शराब की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। सहायक आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी, किन्नौर व स्पीति क्षेत्र रिकांगपिओ द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। पंचायत चुनावों के मद्देनजर संबंधित पंचायत क्षेत्रों में मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व, मतदान दिवस तथा मतगणना दिवस को "ड्राई डे" घोषित किया गया है।

विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता.......52''

*आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रथम चरण के मतदान के लिए 24 मई शाम 3 बजे से 26 मई तक, दूसरे चरण के लिए 26 मई शाम 3 बजे से 28 मई तक तथा तीसरे चरण के लिए 28 मई शाम 3 बजे से 30 मई तक संबंधित क्षेत्रों में शराब बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। वहीं जिला परिषद एवं पंचायत समिति मतगणना दिवस 31 मई को भी चयनित क्षेत्रों में सभी शराब दुकानें बंद रहेंगी। प्रशासन ने सभी लाइसेंस धारकों को आदेशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। आदेश की अवहेलना करने पर हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम 2011 तथा आबकारी नीति 2026–27 के तहत कड़ी अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।*

..............................................................

जेपी नड्डा–दीक्षांत समारोह

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना के साथ–साथ स्वास्थ्य विशेषज्ञों और चिकित्सा पेशेवरों का प्रशिक्षण भी बहुत महत्वपूर्ण है। वे कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान बोर्ड के 23वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चिकित्साक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के सॉफ्टवेयर हैं, जबकि अवसंरचना और अन्य सुविधाएं राष्ट्र के हार्डवेयर हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि युवा चिकित्सयकों की विशेषज्ञता, नवाचार और प्रतिबद्धता देश की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का समाधान करने और देश भर में स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र और स्वस्थ भारत की परिकल्पना विकसित भारत का लक्ष्यं प्राप्त करने में प्रमुख भूमिका निभाएगी।

राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान बोर्ड के बारे में श्री नड्डा ने कहा कि संस्थान ने एक मजबूत ब्रांड बनाया है। यह स्वास्थ्य सेवा में पेशेवर दक्षता, समझ और विश्वसनीयता का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने बताया कि रोगियों की देखभाल को मजबूत करने के लिए 11 नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं।समारोह में 26 हजार तीन सौ 96 उम्मीदवारों को राष्ट्रीय बोर्ड के डिप्लोमा और डॉक्टरेट की उपाधियाँ तथा फेलोशिप प्रदान की गईं।

..............................................................

<u>अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....</u>

आज लगभग सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–आचार संहिता में कैबिनेट बुलाकर क्यों लिए फैसले, चुनाव आयोग ने सरकार से मांगा स्पष्टीकरण। दैनिक जागरण के शब्द हैं–चुनाव आयोग का मुख्य सचिव को नोटिस मंत्रिमंडल बैठक हुई तो क्या निर्णय लिए।

पंजाब केसरी की सुर्खी है– हिमाचल में रोबोटिक तकनीक से कैंसर मरीज की पहली सफल सर्जरी– आई.जी.एम.सी. शिमला ने रचा इतिहास।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है– हिमाचल की बेटी ने फतह किया एवरेस्ट–करसोग की रूचिका ठाकुर ने आई.टी.बी.पी के महिला अभियान दल संग लहराया निरंगा।

हिमाचल दस्तक लिखता है– आज 3 बजे थम जाएगा पहले चरण का चुनाव प्रचार।

मौसम के रंग, सुबह धूप, शाम को बारिश, ओलों और बर्फबारी से 5 डिग्री तक गिरा पारा शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है– आज से साफ रहेगा मौसम, 28 को करवट बदलेगा मौसम, बारिश के आसार।

..............................................................

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश में 26 मई को होने वाले पहले चरण के पंचायत चुनावों के लिए आज थम जाएगा चुनाव प्रचार।
- केंद्र सरकार ने विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, 2025 के तहत व्यापक जन परामर्श के लिए मसौदा नियम प्रकाशित किए।
- आईजीएमसी शिमला में पहली बार हुई बड़ी आंत के कैंसर की सफल रोबोटिक सर्जरी।
- पंचायत चुनावों के मद्देनजर किन्नौर जिला की पंचायतों में मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व, मतदान दिवस तथा मतगणना दिवस को "ड्राई डे" घोषित।

..............................................................